104

I

Total No. of Questions—**16**

Total No. of Printed Pages—**4** **Regd. No.** | | | | | | | | | | |

Part II

HINDI

Paper I

(Second Language)

Time : 3 Hours ***Max. Marks : 100***

सूचनाएँ :– (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम में उत्तर लिखना अनिवार्य है।

खण्ड 'क'

(60 अंक)

1. निम्नलिखित किसी **एक** पद्यांश का भावार्थ लिखिए : 1×6=6

कबीरा ते नर अन्ध हैं, गुरु को कहते और।
हरि रूठे गुरु ठौर है, गुरु रूठे नहीं ठौर॥

अथवा

ऊँच नीच का ज्ञान नहीं था, छुआछूत किसने जानी ?
बनी हुई थी वहाँ झोंपड़ी और चीथड़ों में रानी॥

2. किसी **एक** कविता का सारांश लिखिए : 1×8=8

(1) महत्ता

(2) वीर।

3. किसी **एक** पाठ का सारांश लिखिए : 1×8=8

(1) आत्म-निर्भरता

(2) वीरांगना रुद्रमदेवी।

4. किसी **एक** कहानी का सारांश लिखिए : 1×8=8

(1) शरणागत

(2) जीती बाज़ी की हार।

5. निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2×5=10

(*a*) जब तू आया जगत में, लोग हँसे तू रोए।
ऐसी करनी न करी, पाछे हँसे सब कोए॥

अथवा

गो-धन, गज-धन, बाजि-धन और रतन-धन खान।
जब आवत संतोष-धन, सब धन धूरि समान॥

(*b*) काट अन्ध-उर के बन्धन-स्तर
बहा जननि, ज्योतिर्मय निर्झर;
कलुष भेद तम-हर, प्रकाश भर
जगमग जग कर दे!

अथवा

आ जा बचपन ! एक बार फिर दे दे अपनी निर्मल शांति।
व्याकुल व्यथा मिटाने वाली वह अपनी प्राकृत विश्रांति॥

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2×5=10

(1) मुझे कुछ भी कह लीजिए, बदमाश मत कहिए। मैं शरीफ आदमी हूँ। सरकार को हर महीने इनकम टैक्स देता हूँ। साफ धुले हुए कपड़े पहनता हूँ।

(2) संसार के बहरों के कान खोलने के लिए मैंने बम फेंका है। यह है मेरी पिस्तौल। आप मुझे शौक से गिरफ्तार कर सकते हैं।

(3) इन बच्चों ने बहन इन बच्चों ने हमें मलेच्छ और काफिर से भाई और बहन बना दिया।

(4) दीनता से कहा, "घर में कई नौकर-चाकर हैं। मेरे लिए दो मुट्ठी आटा भारी न होगा। मैं भी आपकी सेवा करतीं हुई पड़ी रहूँगी।"

7. **एक शब्द** में उत्तर दीजिए : 5×1=5

(1) कबीरदास द्वारा रचित ग्रन्थ कौनसा है ?

(2) कौनसा पक्षी दूध-पानी (छीर-नीर) को अलग कर सकता है ?

(3) कौन हमें अशिक्षित और असभ्य मानते हैं ?

(4) बचपन का आनंद कैसे होता है ?

(5) विघ्नों को कौन गले लगाते हैं ?

8. **एक शब्द** में उत्तर दीजिए : 5×1=5

(1) फैशनबुल आदमी ने थके हुए आदमी से कितने पैसे उधार पर लिए हैं ?

(2) भगतसिंह के पिताजी का नाम क्या है ?

(3) रतना किसे मलेच्छ कहती है ?

(4) पति की मृत्यु के बाद अभागी स्त्री कहाँ जाना चाहती है ?

(5) रुद्रमदेवी के पति का नाम क्या है ?

खण्ड 'ख'

(40 अंक)

9. निम्नलिखित में से कोई **एक** पत्र लिखिए : 1×5=5

प्रधानाचार्यजी के नाम एक छुट्टी-पत्र लिखिए।

अथवा

नगरपालिका आयुक्त को अपने मुहल्ले की गंदगी दूर करने हेतु पत्र लिखिए।

10. किन्हीं **पाँच (5)** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 5×1=5

(1) अन्धकार
(2) आशा
(3) उपकार
(4) कठिन
(5) जीवन
(6) रात
(7) शुभ
(8) हिंसा।

11. किन्हीं **पाँच (5)** शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए : 5×1=5

(1) आशमान
(2) आँक
(3) धोका
(4) भूक
(5) लेकक
(6) बिक्षुक
(7) दीपावलि
(8) चात्र।

12. किन्हीं **पाँच (5)** शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए : 5×1=5

(1) अतिथि
(2) अश्व
(3) आग
(4) आकाश
(5) इच्छा
(6) ईश्वर
(7) कमल
(8) इन्द्र।

13. किन्हीं **पाँच (5)** पारिभाषिक शब्दों के हिंदी में अनुवाद कीजिए : 5×1=5

(1) Ability
(2) Award
(3) Education Officer
(4) Identity Card
(5) Law
(6) Sir
(7) Zonal
(8) Vice-President.

14. कारक चिह्नों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5×1=5

(1) मैं भारत .... निवासी हूँ।

(2) सीता घर .... निकलती है।

(3) चोर ने चाकू .... मारा।

(4) अध्यापक .... कुर्सी लाओ।

(5) राम, गोपाल .... होशियार है।

15. सूचना के अनुसार वाक्य में परिवर्तन कीजिए : 5×1=5

(1) उस गाँव में दादा जी की बात चलती है।

(रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर पूरा वाक्य लिखिए।)

(2) सीता ने मालाएँ पहनीं।

(रेखांकित शब्द का वचन बदलकर पूरा वाक्य लिखिए।)

(3) राम निडर लड़का है।

(रेखांकित शब्द में उपसर्ग क्या है?)

(4) वह नौकरानी है।

(रेखांकित शब्द में प्रत्यय क्या है?)

(5) वह दान करेगा।

(वर्तमानकाल में लिखिए।)

16. किन्हीं **पाँच (5)** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 5×1=5

(1) तुम तुम्हारी किताब ले लो।

(2) राम पाठशाला जाती है।

(3) मैं सभा में कहा।

(4) पाँचों पांडवों का नाम लिखो।

(5) राम रावण मारा।

(6) राधा ने पत्र लिखी।

(7) वह सबसे सुन्दरतम है।

(8) वह चुपचाप से चला गया।

(9) मैं पाठ पढ़ेगा।

(10) उनका दर्शन हुआ।